## तामिया उपवन मंडल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कटाई बढ़ने की आशंका, जिले में भी चिंताजनक स्थिति

# होलिका दहन पर जंगल कटाई का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व होली, बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। इसी धार्मिक आस्था से जुड़ा है होलिका दहन, जिसे परंपरागत रूप से लकड़ी जलाकर किया जाता रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इस वर्ष शासन-प्रशासन ने गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा देने की विशेष पहल की है और आमजन से अपील की है कि जंगल की लकड़ी न जलाई जाए। बावजूद इसके, जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। यह स्थिति केवल तामिया की ही नहीं बल्कि पूरे जिले में होलिका दहन के नाम पर हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई से जुड़ा मुद्दा जो पर्यावरणीय दृष्टि से चिंताजनक है।





### परंपरा के नाम पर पर्यावरण से खिलवाड़

ग्रामीण अंचलों में आज भी बड़े पैमाने पर लकड़ी एकत्र कर होलिका दहन करने की परंपरा प्रचलित है। यही परंपरा अब जंगलों के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। विशेष रूप से तामिया उपवन मंडल की रेंज, जो अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों से लगी हुई है, इन दिनों अवैध कटाई के दबाव में है। बिजोरी, कुआं बादला, घाटलिंगा, सेहरा ढाना जैसे गांवों से लगे जंगलों में होली के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है।

### जंगलों के भीतरी हिस्सों में स्थिति भयावह, लकड़ी चोर भी सक्रिय

जब तामिया मुख्यालय से सटे जंगलों में ही कटाई का नजारा दिख रहा है, तो अंदरूनी क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। यही हालात अन्य बीटों में भी बनने की पूरी संभावना है। सवाल यह है कि क्या रेंजर होलिका दहन तक अपने नाकेदारों और चौकीदारों को अनिवार्य रूप से नाकों पर तैनात कर जंगल गश्ती के निर्देश दे पाएंगे?

### संरक्षण के लिए हर तरह से प्रयास जरूरी

वन संरक्षण के लिए केवल अपीलें पर्याप्त नहीं हैं। झिरपा और देलाखारी सहित पूरे उपवन मंडल में सख्त निगरानी, नियमित गश्त और जवाबदेही तय करना जरूरी है। साथ ही गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन के लिए पर्याप्त सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने की जरूरत ही न पड़े।निष्कर्ष बॉक्सहोलिका दहन आस्था का पर्व है, लेकिन जंगलों का विनाश इसकी कीमत नहीं हो सकता। यदि अभी कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो होली के बाद कटे हुए पेड़ों के ठूंठ प्रशासन की लापरवाही की गवाही देंगे। अब देखना यह है कि इस होली पर आस्था और पर्यावरण में संतुलन कायम हो पाता है या नहीं।

### खाली नाके और नशे में डूबे कर्मचारी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि तामिया रेंज में तैनात कई नाकेदार, जिन्हें रेंजर के "चहेते" माना जाता है, नियमित रूप से नाकों पर उपस्थित नहीं रहते। परिणामस्वरूप जंगलों की निगरानी कमजोर हो गई है। हर ग्रामीण जानता है कि नाके सूने हैं और इसी का फायदा उठाकर होली के लिए लकड़ी काटी जा रही है।उदाहरण के तौर पर तामिया वन भूमि से गुजरने वाली नहर की पुलिया के आसपास बड़ी संख्या में कटे हुए पेड़ देखे जा सकते हैं। कुछ पेड़ों को धीरे-धीरे सुखाकर भविष्य में काटने की तैयारी भी स्पष्ट नजर आती है। वन अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी भी पर्व या आयोजन के नाम पर जंगलों की अनावश्यक कटाई नहीं की जा सकती। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों से होलिका दहन के नाम पर पेड़ काटना जैसे एक परंपरा बनती जा रही है। यदि समय रहते वन विभाग ने सख्ती नहीं बरती, तो इसका दुष्परिणाम पूरे वन क्षेत्र को भुगतना पड़ेगा।

## सोमाढाना और रंगीनखापा के अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी की दबिश, चालू भट्टियों को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा आज शनिवार को सुबह के समय सर्वप्रथम ग्राम रंगीनखापा में दबिश देकर कुछ रिहायशी मकान और जंगलों में प्लास्टिक के ड्रम और कुप्पियों में भरा महुआ लहान बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। इसके बाद ग्राम लकड़ाई जम्होड़ी के जंगलों में प्लास्टिक की कुप्पियों में भरा महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया।



इसके पश्चात सोमाढाना के जंगलों के मध्य से होकर बहने वाले नाले के किनारे प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर नाले के अंदर छुपाकर रखे गए महुआ लहान को विधिवत नष्ट किया गया। टीम को इस स्थान पर एक प्लास्टिक की पन्नी में भरी महुआ शराब भी बरामद हुई, जिसे आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 के तहत कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 5400 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। साथ ही 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में एडीईओ श्री जी.एल.मरावी, श्री वासुदेवाचार्य त्रिपाठी के साथ ही आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, श्री जीत सिंह धुर्वे, सुश्री वैशाली भगत, श्री अनिकेत पटेल के साथ ही आबकारी अमला उपस्थित था।

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ के भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने किया भौगोलिक भ्रमण

दमुआ। शासकीय महाविद्यालय दमुआ के भूगोल विषय के विद्यार्थियों द्वारा अध्ययन को व्यवहारिक रूप देने हेतु प्रसिद्ध प्राकृतिक स्थल पातालकोट में भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पातालकोट की घाटी की विशिष्ट भौगोलिक संरचना, चट्टानों की बनावट, अपरदन की प्रक्रियाओं तथा जैव विविधता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।



प्राध्यापकों ने सतपुड़ा पर्वतमाला की भौगोलिक विशेषताओं एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्थानीय भारिया जनजाति की जीवन शैली से भी रूबरू होने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने जनजाति के पारंपरिक आवास, वेशभूषा, खान-पान, औषधीय वनस्पतियों के उपयोग तथा सांस्कृतिक परंपराओं को निकट से समझा, जिससे उनके सामाजिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान में वृद्धि हुई।भ्रमण के दौरान भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिलीप ढोबाले, राजकुमार कुशवाहा, नीरज कुमार सल्लाम, सुषमा टांडेकर एवं डॉ. विनिता धुर्वे आदि उपस्थित रहे।

## 4 खाद्य सुरक्षा टीमों ने जिलेभर में की सघन जांच

### होली पर मिलावट रोकने जिला प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

होली त्यौहार के चलते आमजन को सुरक्षित और बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयाँ उपलब्ध हो सकें, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग छिंदवाड़ा की 04 टीमों द्वारा सभी तहसीलों सहित पूरे जिले में लगातार निरीक्षण, निगरानी एवं नमूना कार्य किया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के अपर कलेक्टर श्री धीरेंद्र सिंह स्वयं खाद्य सुरक्षा टीमों के नोडल अधिकारी हैं और उनकी निगरानी में सभी टीमें कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में गत दिवस और आज खाद्य सुरक्षा विभाग की 04 टीमों द्वारा छिंदवाड़ा, परासिया, तामिया, अमरवाड़ा, चौरई, मोहखेड़, बिछुआ और रामाकोना तहसीलों में निरीक्षण एवं नमूना कार्य किया गया। एक टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री गोपेश मिश्रा द्वारा छिंदवाड़ा शहर, परासिया एवं मोहखेड़ क्षेत्र में स्थित अमित स्वीट्स, गरबा स्वीट्स, रंगजी स्वीट्स, रोहित स्वीट्स, पंकज स्वीट्स, बालाजी स्वीट्स, साहू किराना इकलहरा, आदित्य बेकरी, पंकज स्वीट्स उमरानाला, ब्राउन बेकरी मोहखेड़ तथा बिकानेर स्वीट्स सांवरी बाजार का खाद्य सुरक्षा के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया।



### वन भूमि का पट्टा देने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

सौंसर। वन भूमि पट्टा देने के साथ ही झोपड़ा नष्ट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सौसर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग के साथ ही आवेदक खेमचंद बसोड़ के द्वारा न्याय की गुहार लगाई है।सौसर प्रशासन एवं मुख्यमंत्री के नाम सोपे ज्ञापन में आवेदक खेमचंद ने बताया की ग्राम सावगी तहसील सौसर की भूमि पर 55 वर्ष से खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं, मध्य प्रदेश सरकार ने आदेश पारित किया है किस 1980 के पूर्व से वन भूमि पर कब्जा करने वाले भूमि लोगों को जमीन के पट्टे आवंटित करने चाहिए लेकिन मुझे अभी तक कोई वन विभाग की ओर से पत्ता नहीं मिला है, मेरी जमीन पर जानबूझकर वन विभाग के द्वारा पेड़ लगाकर परेशान किया जा रहा है, इस भूमि को लेकर पूर्व में कई बार मेरे परिवार के द्वारा जुर्म ने भी विभाग को पटाए गए हैं, मैं अनुसूचित जाति के अंतर्गत आने के कारण वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जानबूझकर भेदभाव करते हुए मेरे ही जमीन पर झाड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है, मैंने इसके पूर्व भी कई बार वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को वन भूमि का पट्टा देने की मांग की गई है बावजूद इसके मेरे साथ में भेदभाव किया जा रहा है, वर्तमान में इसी भूमि से मैं अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं, प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन में न्याय देने की मांग की गई है।

### रमजान में 5 साल की हुरमत फातिमा का पहला रोजा 14 घंटे भूखे प्यासे रहकर की अल्लाह की इबादत

सिंगोड़ी :-रमजान के पवित्र महीने में एक छोटी बच्ची की इबादत ने सब का दिल जीत लिया हां हम बात कर रहे हैं सिंगोड़ी के नदी मोहल्ला वार्ड नंबर 3 में रहने वाली 5 वर्षीय हुरमत फातिमा बल्द हाजी शेख मोईनुद्दीन मिस्किनी साहब की



वेटी ने पहला रोजा रखकर एक मिसाल कायम की है जो की रमजान के महीने का 10 वे दिन का रोजा है हुरमत फातिमा की अम्मी और अब्बू के अनुसार बच्ची ने खुद ही रोजा रखने की जिंद कि परिवार ने पहले मना किया क्योंकि 14 घंटे तक बिना खाऐ पीऐ रहना आसान नहीं है रमजान का यह पवित्र महीना मुस्लिम समाज के लिए विशेष महत्व रखता है इस दौरान रोजैदार दिन में पांच बार नमाज अदा करते हैं सिंगोड़ी में इस वर्ष रमजान के दौरान विशेष उत्साह देखा जा रहा है बड़ों के साथ-साथ छोटे बच्चे भी रोजा रख रहे हैंहुरमत फातिमा की लगन ने यह सिद्ध कर दिया कि इबादत की कोई उम्र नहीं होती उन्होंने न केवल अपना पहला रोजा सफलतापूर्वक किया बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए एक मिसाल कायम की है। वही नाना शेख मस्तान ने अपनी नातनन के इस उत्साह पूर्वक रोजा रखने पर खुसी व्यक्त किया है।

### बच्चे की याद में करवाया रोजा इफ्तार

सिंगोड़ी: सिंगोड़ी में इरफान टेलर ने अपने बेटे मोहम्मद जैद की याद में रोजा इफ्तार करवाया। यह आयोजन 3 साल से प्रतिवर्ष इरफान टेलर साहब अपने बस स्टैंड स्थित मकान में प्रतिवर्ष करते हैं।याहा सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने



रोजा इफ्तार में शिरकत कीया और रोजा इफ्तार किया। इस अवसर पर पूर्व सदर ईलमन मिस्किनी, हाजी शेख सत्तार, हाजी शमीम राजा, मंजूर पटेल, शेख नाजर, इलयास भाई, शेख साहिद, अब्दुल कदीर, शेख सादिक, अल्फाज भाई, शेख साजिद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बजरंग दल की बड़ी कार्रवाई, फिल्मी अंदाज में पीछा कर पकड़ी गौवंश से भरी पिकअप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सौसर प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तड़के गौ-तस्करी के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में 13 गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया गया है, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार होने में कामयाब रहे।शनिवार प्रातः लगभग 4 बजे बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर अवैध रूप से ले जाया जा रहा है।

संदिग्ध पिकअप वाहन अत्यंत तेज गति से भाग रहा था,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार पीछा किए जाने पर भुंमा रोड पर देवरी नाले के समीप तस्कर खुद को घिरा देख वाहन चालक और उसका साथी वाहन खड़ा कर झाड़ियों अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकले। जानकारी मिलने पर मोहगाव थाना अधिकारी अमित धानी अपने पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। वाहन क्रमांक एमएच 27 बी एक्स 1309 की तलाशी लेने पर उसमें 13 गौवंश ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए।

पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और गौवंश अधिनियम के तहत खिलाफ मामला दर्ज किया है।सभी 13 गौवंश को उपचार संरक्षण हेतु कामधेनु गौशाला, मोहगांव पहुँचाया गया है। इस दौरान विहिप प्रखंड मंत्री राजू बनाईत, उपाध्यक्ष रामेश्वरजी सदारंग, सह मंत्री लखन पवार, निखिल ढोबारे, कमलेश गिरगुसे, अर्पित खडसे आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत झापिया में तीन किलोमीटर सड़क पर अटका विकास

### भारिया समाज का धैर्य जवाब देने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड की झापिया ग्राम पंचायत अंतर्गत चिबलामऊ और सुआआम गांवों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति (PVTG) भारिया समाज के ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गुहार लगाने के बावजूद हालात जस के तस हैं।

ग्रामीणों ने अपनी मांगों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन वरिष्ठ सलाहकार एवं सह-प्रभारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली श्री प्रकाश उइके को सौंपते हुए ग्रामीणों ने कहा कि "हमें आश्वासन नहीं, जमीन पर काम चाहिए।"चिबलामऊ गांव में आज तक प्राथमिक शाला और आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना नहीं हो सकी है। छोटे बच्चों को लगभग तीन किलोमीटर दूर मुंडनी तक जंगल और उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर जाना पड़ता है।



बरसात के मौसम में यह रास्ता और भी जोखिम भरा हो जाता है। कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुंच पाते, जिससे शिक्षा प्रभावित हो रही है।सुआआम गांव की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। अपनी ही पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को 50 से 60 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि मुंडनी मुख्य मार्ग से सीधे चिबलामऊ तक तीन किलोमीटर और सुआआम तक चार किलोमीटर सड़क बन जाए तो दोनों गांव सीधे जुड़ सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि "सिर्फ तीन किलोमीटर सड़क हमारे गांव की तकदीर बदल सकती है।"स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी स्थिति को और गंभीर बना रही है।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा वोल्टेज की समस्या से छुटकारा

जुन्नारदेव-: किसानों को होने वाली वोल्टेज एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से छुटकारा दिलाने हेतु एम.व्हीए.ए. पी.टी.आर. के कार्य पूर्ण होने से किसानों सहित क्षेत्र की जनता को राहत प्राप्त होगी। म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क. लिमि. संभागीय कार्यालय जुन्नारदेव के उपकेन्द्र सुकरी में वर्तमान में 5 एम.व्हीए.ए. का पी.टी.आर. स्थापित है। जिससे 03 नंबर फीडर खैरवानी, जुन्नारदेव-1, जुन्नारदेव-2 निकलते है।जुन्नारदेव शहर सहित आस-पास के ग्राम खैरवानी, चटुआ, नवेगांव, हनोतिया, उमरघोड़, सरेकाढाना, खजरी फुलसा, टप्पेढाना, खैरमण्डल सहित लगभग 17-18 ग्रामों की विद्युत सप्लाई उक्त उपकेन्द्र से संचालित होती हैं ।

### महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक, नक्शे पास एवं जल प्रदाय संबंधी कार्यों समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## कॉलोनियों एवं भूखंडों के नक्शे स्वीकृत कराने की प्रक्रिया हो सुगमः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम सभाकक्ष में महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में निगम आयुक्त सी.पी. राय की उपस्थिति में विभिन्न वार्डों के पार्षदों, नगर निगम के इंजीनियरों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शेषराव यादव एवं उपाध्यक्ष अजय सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक में कॉलोनियों एवं भूखंडों के नक्शे स्वीकृत कराने की प्रक्रिया को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस विषय पर महापौर ने शीघ्र समाधान निकालने के निर्देश दिए। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल प्रदाय से जुड़े निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

पार्षदों की मांग पर इंजीनियरों द्वारा विभिन्न वार्डों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की सूची लागत सहित प्रस्तुत की गई। जानकारी दी गई कि 15 निर्माण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 3 कार्य अभी प्रगति पर हैं और उन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा।

बैठक में ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों के संचालन पर भी चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि लंबित फाइलों सहित सभी प्रकरणों का निराकरण 10 मार्च तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही वार्डों में सड़कों के निर्माण एवं सीवर संबंधी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

महापौर ने कहा कि चुंगी राशि में बढ़ोतरी के लिए शासन स्तर पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, चूंकि छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र में कई नए गांव शामिल हुए हैं, इसलिए विशेष बजट की मांग भी शासन से की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के विषय में भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के अंत में महापौर ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

## 29 मार्च से जामसांवली में जगतगुरु करेंगे श्री रामकथा

# चमत्कारिक जामसांवली धाम का कायाकल्प, 60 दिनों के संकल्प से साकार हो रहा हनुमान जी का भव्य दिव्य मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

विश्वविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली धाम में वर्षों से लंबित पुनर्निर्माण का स्वप्न अब वर्तमान ट्रस्ट के अटूट संकल्प और अथक परिश्रम से हकीकत में बदल गया है। आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व, यह सिद्ध पीठ एक नए और आधुनिक स्वरूप में श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार है।मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा और प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य संदीप मोहोड द्वारा स्वयं के व्यय से 15 जनवरी को शुरू किया गया यह निर्माण कार्य 15 मार्च तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मात्र दो माह की अल्पावधि में मंदिर का जो स्वरूप उभरकर आया है, नवनिर्मित मंदिर को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जिसमे सर्वसुविधायुक्त रैलिंग, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था। बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए सुगम रैंप, आकर्षक गजद्वार और मराठा स्थापत्य कला से सुसज्जित प्रवेश द्वार, भव्य डोम और आधुनिक एयर हैंडलिंग यूनिट के साथ निर्मित इस सभामंडप में एक साथ 5,000 श्रद्धालु बैठकर आरती व हनुमान चालीसा का पाठ कर सकेंगे। नांदेड़ (महाराष्ट्र) के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित 13 भव्य शिखर और अहमदाबाद से मंगाई जा रही विशेष धर्मध्वज मंदिर की शोभा बढ़ाएगी।

### हनुमान लोक परियोजनाः विकास की नई उड़ान

अध्यक्ष गोपाल शर्माचर्चा के दौरान मंदिर कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि शासन की 12 करोड़ रुपये की लागत वाली हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण का कार्य भी तीव्र गति से जारी है। कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशों के बाद मंदिर परिसर को 'नो शॉपिंग जोन' बनाकर वहां विशाल मैदान विकसित किया जा रहा है। चिरंजीवी पथ का निर्माण और नाले का सुदृढ़ीकरण श्रद्धालुओं के मार्ग को सुगम बनाएगा।। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जामसांवली की पावन धरा पर भक्ति का महासंगम होने जा रहा है। जामसावली में 29 मार्च से पांढुर्णा मार्ग स्थित 11 एकड़ का समतलीकृत विशाल मैदान में श्री राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन में जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी के द्वारा श्री राम कथा में भगवान के

## माथनी भूमिगत खान में हुआ विदाई समारोह का आयोजन



**परासिया** : 28 फरवरी शनिवार को माथनी भूमिगत कोयला खदान में दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर चंद्रभान चौहान (माइनिंग सरदार) , कैलाश डेहरिया (लैम्प रूम इंचार्ज) , नबी मोहम्मद (ब्लैक स्मिथ) को उनकी सफल एवं समर्पित सेवाओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं सम्मानपूर्वक विदाई दी गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से खान प्रबंधक माथनी भूमिगत खान तथा माथनी खान के समस्त कर्मचारीगण एवं श्रमिक उपस्थित रहे । श्रम संघ पदाधिकारियों के रूप में अर्जुन यादव (अध्यक्ष बीएमएस), शाहिद खान (अध्यक्ष एचएमएस) , एन. के. बरासिया (अध्यक्ष एटक) एवं अक्षय लाल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष चौरसिया (प्रभारी अधिकारी रेस्क्यू रूम माथनी) द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया । उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवाकाल की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उनकी ईमानदारी , कर्तव्यनिष्ठा , अनुशासन , समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की । उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व सहकर्मियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा संस्थान की प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा ।

## त्यौहारों के मद्देनज़र, थानों में हुई बैठक शांति बनाएं रखने हुई अपील, दी गई हिदायतें



**परासिया** :- आगामी होली और ईद के त्यौहारों के मद्देनज़र परासिया अनुभाग के अंतर्गत परासिया और चांदामेटा थाने में बैठक हुई । जिसमें शांति और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने , शांति बनाएं रखने की अपील की गई । साथ ही हिदायतें भी दी गई ।एसडीएम शुभम यादव , डीएसपी जितेंद्र सिंह जाट के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों , जनप्रतिनिधियों , सामाजिक कार्यकर्ताओं से होली और ईद के त्यौहारों पर होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई । होली के दौरान हुड़दंग न करने , रसायनयुक्त रंगों से बचने की हिदायतें दी गई । मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की गई । बैठक में नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया अध्यक्ष गोविन्द बजोलिया , थाना प्रभारी खेमचंद पटले , सीएमओ भरत गजबे , परासिया नपा उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर सहित नगर के समस्त जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## सचिव तुलाराम साहू हुए सेवानिवृत दी गई विदाई

**परासिया** :- ग्राम पंचायत उमरेठ में लंबे समय तक सचिव रहे तुलाराम साहू शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए । साथी सचिवों ने विदाई समरोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी । सचिव तुलाराम साहू अपने परिवार के साथ समरोह में शामिल हुए । समारोह परासिया जनपद के सभा कक्ष में रखा गया । समरोह में सचिव को फूलमाला पहनाकर सम्मनित किया , तथा उनके कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों को सबने साझा किया । श्री साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत दमुआ रैयत में रहते हुए सेवानिवृत्त हुए । समरोह में पंचायत इंस्पेक्टर दीपा पाटिल , एपीओ सुचित्रा शेंडे , दिनेश मालवीय आदि मौजूद रहे।

## सिविल अस्पताल में टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**सौसर।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को सिविल अस्पताल सौसर में एचपीही(ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का गरिमामय शुभारंभ किया गया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षित करना है। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं पर विशेष ध्यानकार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक घातक बीमारी है, जिसे समय रहते टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। यह अभियान विशेष रूप से 9 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए चलाया जा रहा है। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं। उद्घाटन अवसर पर जनप्रतिनिधियों स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप पूर्व भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड, बीएमओ डॉ. योगेश शुक्ला,आदि थे। इस दौरान अस्पताल में आने वाली बालिकाओं और उनके परिजनों की सुविधा के लिए पृथक काउंटर की स्थापना की गई है। सुसज्जित प्रतीक्षालय और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साह के साथ टीका लगवाया।

## माऊली श्री ज्ञानेश्वर' नाटक के मंचन से जीवंत हुई नाट्य परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

आधुनिकता के दौर में लुप्त होती लोक कला और नाट्य संस्कृति को पुनर्जीवित करने की दिशा में ग्राम बेरडी में एक सराहनीय प्रयास किया गया। जनजागृति सांस्कृतिक कला मंदिर के तत्वावधान में प्रसिद्ध नाट्य लेखक शा. ज. करडभाजने द्वारा रचित तीन अंकी मराठी नाटक 'माऊली श्री ज्ञानेश्वर' का भव्य मंचन गुरुदेव सेवाश्रम परिसर में संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल दर्शकों को भावविभोर किया, बल्कि धर्म प्रचार और सांस्कृतिक संरक्षण को भी एक नया आयाम दिया। नाटक के माध्यम से संत ज्ञानेश्वर महाराज के जीवन, उनके त्याग, भक्ति और जन-कल्याण के संदेश को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र की गणमान्य विभूतियाँ में श्रीमती



प्रतिभा विजय चौरे, जप सदस्य गायत्री देवेंद्र गायकवाड़,सरपंच संगीता गावंढे पूर्व जप सदस्य अरुण गावंढे, ज्ञानेश्वर गावंढे, रमेश शुक्ला, बंडू गुर्वे, विट्ठल गायकवाड़ जनजागृति सांस्कृतिक कला मंदिर के अध्यक्ष व लेखक शा. ज. करडभाजने आदि थे।अभिनय पक्ष में अरुण कडू, आकाश गुर्वे, विनोद करडभाजने, सागर कपाले, अशोक ठाकरे, संतोष बंड, नीलकंठ कपाले, गोपाल इधाते, जानराव चौधरी, पंकज गायकवाड़ और शंकर गिरहें ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं महिला पात्रों में चेतना घाटोड, लाजरी घाटोड और नागपुर की वैष्णवी कारोमोरे के अभिनय की दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहना की। नाटक की सफलता में संगीत पक्ष का विशेष योगदान रहा। रमेश शुक्ला, राजेंद्र भांडे, बंडू शेंडे, शेषराव कोवले, प्रभाकर ठवरे, लक्ष्मण रूंघे, कैलाश गुरवे, रमेश हिवसे एवं संजय कपाले के सुमधुर संगीत संयोजन ने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। नाट्य लेखक श्री करडभाजने ने बताया कि इस नाटक का मंचन महाराष्ट्र के प्रमुख धार्मिक केंद्रों जैसे पुणे, आलंदी,खामगांव में भी कई बार हो चुका है। पुणे के प्रसिद्ध प्रकाशक द्वारा इस नाटिका को पुस्तक रूप में भी प्रकाशित किया गया है, जिसके लिए उन्हें अखिल भारतीय वारकरी संप्रदाय द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## एकता कप रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-3 का भव्य समापन

### लक्ष्य इलेवन ने रोमांचक फाइनल जीतकर रचा इतिहास, कामिल त्यागी का दमदार प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर में खेल और उत्साह का माहौल उस समय चरम पर पहुंच गया जब न्यू चैंपियंस क्रिकेट क्लब लांजी द्वारा आयोजित एकता कप रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-3 का भव्य समापन हुआ। रात्रि प्रकाश (फ्लडलाइट) में आयोजित इस प्रतियोगिता ने न केवल स्थानीय बल्कि बाहरी राज्यों से आए खिलाड़ियों और दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन किया।प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों ने रोमांच की नई मिसाल पेश की। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों की तालियों की गूंज देर रात तक सुनाई देती रही।

अंतिम दिन का पहला सेमीफाइनल मुकाबला किन्हीं टाइटन्स और साईं आराध्या मध्य के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन किन्हीं टाइटन्स ने बेहतर रणनीति और संतुलित प्रदर्शन के दम पर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।दूसरा सेमीफाइनल एंडी ब्रदर्स और लक्ष्य इलेवन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में लक्ष्य इलेवन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। अंततः लक्ष्य इलेवन ने निर्णायक जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मैच किन्हीं टाइटन्स और लक्ष्य इलेवन के बीच खेला गया। मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, लेकिन लक्ष्य इलेवन ने शानदार बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखा।

उत्तराखंड से आए ऑल इंडिया आइकन खिलाड़ी कामिल त्यागी ने अपने आक्रामक शॉट्स और बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने महत्वपूर्ण समय पर रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उनकी पारी को फाइनल की निर्णायक पारी माना गया।अंततः लक्ष्य इलेवन ने किन्हीं टाइटन्स को पराजित कर एकता कप सीजन-3 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में विजेता टीम लक्ष्य इलेवन को रू1,22,222 नगद राशि एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई।उपविजेता किन्हीं टाइटन्स को रू66,666 की नगद राशि से सम्मानित किया गया।वहीं, सेमीफाइनल में पराजित दोनों टीमों को रू11,000- रू11,000 की प्रोत्साहन राशि दी गई।पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजकों की सराहना की।

## 2 माह का वेतन मॉगना कर्मचारियों को पड़ा भारी

### काम पर उपस्थित नहीं मिलने के बहाने सीएमओ ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगरपालिका परिषद वारासिवनी के सीएमओ व पार्षदों से 2 माह का रुका हुआ वेतन मॉगना सफाई कर्मचारियों को भारी पड़ गया है। 26 फरवरी को कर्मचारियों ने 2 माह का वेतन नहीं मिलने पर सीएमओ व पार्षदों के साथ बात की थी, जिस दौरान उनकी उनसे गरमागरम बहस हो गई थी। उसके बाद सीएमओ ने एक माह का वेतन तो कर्मचारियों के खाते में जमा करवा दिया। लेकिन दूसरे ही दिन 27 फरवरी को सीएमओ ने लगभग 25 सफाई कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है और 24 घंटे में जवाब भी मॉगा है।

विदित हो कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने एवं चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि शासन से समय पर नहीं आने के कारण कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता है। जिसके कारण कर्मचारी परेशान रहते है और उन्हें बाजार से दुकानों से उधारी सामान लेकर अपना गुजारा करना पड़ता है। कुछ दिनों बाद होली का त्यौहार आ रहा है, लेकिन कर्मचारियों को 2 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनका धैर्य जवाब दे गया था और उन्होंने 26 फरवरी को सीएमओ सूर्यप्रकाश उके और पार्षदों से 2 माह के वेतन की मॉग को लेकर चर्चा की।

चर्चा के दौरान सीएमओ, पार्षदों व कर्मचारियों के बीच गरमागरम बहस भी हो गई थी। जिस पर सीएमओ व पार्षदगण नाराज हो गए थे और उन्होंने कर्मचारियों पर काम नहीं करने का आरोप भी लगा दिया था। जिस पर कर्मचारियों ने सीएमओ व पार्षदों को साथ में चलकर काम करते है या नहीं, यह देखने तक की बात कह दी।

## शासकीय विद्यालय भौरगढ़ के विद्यार्थियों के लिए वितरित किए गए बेंच-टेबल

# शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में वैनगंगा माइनिंग वर्क्स का बेहतर कदम

हरिभूमि न्यूज खैरलॉंजी।



जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भौरगढ़ में शासकीय विद्यालय भौरगढ़ में विद्यार्थियों की शैक्षणिक सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार, 27 फरवरी को तीन सीटर बेंच एवं टेबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान स्कूल के विद्यार्थीयो की बैठक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से तीन सीटर बैंच 30 एंव 30 टेबल प्रदान किए गए।। यह सामग्री मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत प्रदान की गई। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चो को लंबे समय से बैठने की समुचित व्यवस्था की आवश्यकता थी। इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा यह पहल की गई, जिससे अब छात्र छात्राओं को पढ़ाई के दौरान बेहतर सुविधा मिल सकेगी। बेंच टेबल मिलने से कक्षा-कक्ष अधिक सुव्यवस्थित होगा और बच्चों का पढ़ाई में मन भी अधिक लगेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य जिला कलेक्टर बालाघाट, कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी के निर्देशन एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह प्रयास किया गया, ताकि ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। बेंच-टेबल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय परिवार ने इस सहयोग के लिए कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिका, पूरनलाल लक्षकार प्रभारी अधिकारी माइनिंग कारपोरेशन सहित वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने कंपनी के इस सामाजिक योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि निजी संस्थाओं के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किया गया ऐसा सहयोग भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

## शासन का निर्णय होली समितियां करवाएं अपना पंजीयन-एसडीएम

# थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मार्च के महीने में आने वाले विभिन्न धार्मिक तीज-त्योहारों खास तौर पर रंगों के त्योहार होली और इबादत के पर्व रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शनिवार 28 फरवरी को दोपहर 01 बजे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम के.सी.ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार राकेश प्रजापति, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। बैठक में अलग-अलग धर्म समुदाय के लोगों के अलावा वरिष्ठ नागरिकों, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों और पत्रकारों ने हिस्सा लिया। एसडीएम और एसडीओपी ने बैठक के जरिए नागरिकों से संवाद कर मार्च में आने वाले त्योहार होली, नवरात्रि, गुड़ीपाड़वा, रामनवमीं, रमजान में सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की गुजारिश की है। एसडीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष नगरीय क्षेत्र की होली समितियां चाहे तो नगर परिषद में अपना पंजीयन भी करवा सकती है। एसडीएम ने शहरी क्षेत्र में कहां-कहां होलिका दहन किया जाता है और किस तरह के आयोजन होते है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिए। नगर परिषद को त्योहारों के आयोजन के मद्देनजर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया है। संदीप शर्मा ने बताया कि बताया प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय बस स्टेंड में शुभ मुर्हुत पर वैदिक होली जलाई जाएगी। इसके पूर्व फाग गीतों का आयोजन होगा।

एसडीओपी विवेक शर्मा ने होली पर्व को लेकर विशेष तौर पर पुलिस महकमे को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने आमजन के लिए भी एक संदेश जारी किया है। एसडीओपी ने आमजन से अपील की है कि वह शराब पीकर वाहन ना चलाए अगर कोई भी व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि इस वर्ष होली का त्योहार को होलिका दहन के साथ शुरू हो रहा है। इसके बार रंग खेला जाएगा 03 और 04 मार्च को रंग खेला जा सकता है ऐसे में इस बात का भी ध्यान रखना है कि कोई किसी को जबरदस्ती रंग ना लगाए। बैठक में संजय बाघमारे ने पुराना पेट्रोल पंप चौक में बिकने वाली अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करने की मांग रखी। सुनील नागोसे ने पुलिस को बताया कि शहर के भीतर करीब 70 ऑटो बिना वैद्य दस्तावेजों के संचालित हो रहे है। बैठक में नगर के बस स्टैंड में सड़क के किनारे अवैध तरीके से लगने वाली अस्थाई दुकानों को त्वरित हटाने की बात भी उठाई गई। बैठक में और भी कई तरह के विषयों पर चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस विषयों पर शीघ्र निर्णय लेने का भरोसा दिया।

## यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश साहू ने युवाओं में भरी नई ऊर्जा

# डिजिटल नेतृत्व की पीढ़ी तैयार करने में जुटी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सोशल मीडिया में चलाए जाने वाले झूठ को उजागर करने और दबाई जाने वाली सोशल मीडिया की आवाजों को उभारने और ऐसी आवाजों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए कांग्रेस अब जमीनी स्तर पर काम कर रही है। जिसे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम लोकतंत्र का पांचवा स्तंभ का नाम दिया गया है। संविधान लीडरशिप डिजिटल मीडिया नेटवर्क के जरिए पूरे भारत में जिला और विधानसभा स्तर पर क्रिएटर्स को जोड़ने का काम किया जा रहा है। जिसमें क्रिएटर्स को प्रशिक्षण, सहयोग और संस्थागत समर्थन प्रदान करने का काम किया जाएगा। इसी सिलसिले में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश साहू शनिवार 28 मार्च को दोपहर 3 बजे कटंगी पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय विश्राम गृह में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें पूरे विजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्र के क्रिएटर्स को अपने साथ जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क के जरिए कांग्रेस पार्टी जमीनी मुद्दों, युवा आवाजों और संवैधानिक मूल्यों को बुलंद करने का काम करेगी। जिन आवाजों को दबाने का काम किया जा रहा है उन आवाजों को कांग्रेस सभी तरह से सहयोग करेगी और खास प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मूल्यों पर आधारित डिजिटल नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करने का काम कर रही है। मुख्य उद्देश्य जमीनी वैकल्पिक मीडिया, बहुजन डिजिटल आवाज, विकेंद्रित नैरेटिव, मजबूत वैचारिक संवाद, फिजिकल और डिजिटल नेटवर्क तैयार करना है। इस दौरान उनके साथ सह प्रभारी विश्वनाथ मेवाड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वारासिवनी टिकेन्द्र पटले, सेवा दल अध्यक्ष वारासिवनी प्रणय धार्मिक, कटंगी विधानसभा अध्यक्ष आकाश कड़वे, प्रलय डेकाटे, अभिषेक पारधी, अनमोल शर्मा, प्रफूल्ल रंगारी, शैलेन्द्र मेश्राम, विशाल सहारे, मनीष पगाड़े, शुभम अग्रवाल, अरविंद खरे, कपिल मेश्राम मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आनन्द बर्धन श्री राम मंदिर में रंग-रोगन व मरम्मत कार्य प्रारंभ रामनवमी पर होगा भव्य आयोजन

**मंदिर जीर्णोद्धार हेतु श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलबोड़ी जिला मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर एनएच-44 नागपुर मार्ग पर स्थित आनन्द बर्धन श्री राम मंदिर में इन दिनों व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं मरम्मत कार्य किया जा रहा है। मंदिर परिसर को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए नव युवक राम मंदिर समिति द्वारा विशेष तैयारियों की जा रही हैं।
समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी चैत्र नवरात्रि, बैठकी अष्टमी एवं रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन प्रस्तावित है। आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से मंदिर के जीर्णोद्धार और साज-सज्जा का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से मंदिर के मरम्मत एवं सौंदर्याकरण कार्य में तन, मन एवं धन से सहयोग करने की अपील की है।

### मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने किया शिक्षा मंत्री का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी द्वारा आज प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं परिवहन मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह के शिवनी आगमन पर मंत्री महोदय को फलों से तोल कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। सर्वप्रथम स्कूल स्कूल शिक्षा मंत्री का स्वागत पुष्पहार एवं शाल श्रीफल से प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक एवं जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा द्वारा किया गया इसके पश्चात मंत्री महोदय को फलों से लदे हुए तुला पर बैठ कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया।
पश्चात जिला अध्यक्ष अविनाश एवं प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला संगठन मंत्री अनिल शर्मा जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी एवं कोषाध्यक्ष श्री पटले और द्वारा मंत्री से अध्यापक संवर्ग का नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ एवं चतुर्थ समय मान वेतनमान के शीघ्र आदेश प्रसादित करने की पर चर्चा की गई जिस पर मंत्री द्वारा शीघ्र पूर्ण करने के आश्वासन दिया गया और कहा गया कि यह कार्य शीघ्र संपन्न कराया जाएगा।

### विज्ञान दिवस - उत्प्रेरक के रूप में महिलाओं की भूमिका

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर 23 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक विज्ञान सप्ताह मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. कल्पना इंगले एवं महाविद्यालय के विज्ञान दिवस 2026 के प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। इस तारतम्य में षष्टम दिवस पर प्राचार्य के द्वारा आशीर्वाद के रूप में समस्त प्राध्यापगण, छात्राओं एवं कॉलेज स्टॉफ को शुभकामनाएँ दी गई।

# त्यौहार आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं खुशियों के साथ मनाएं-कलेक्टर

**अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सतत पेट्रोलिंग की जाएगी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में माह मार्च एवं अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक त्यौहारों के दृष्टिगत शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता भी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम 02 मार्च को होलिका दहन एवं 04 मार्च को धुरेड़ी (रंगोत्सव) को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा, अग्निशमन, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई एवं भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
वन विभाग को जिला मुख्यालय में होलिका दहन हेतु जलाऊ लकड़ियों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को होली पर्व के दौरान विशेष जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।
पुलिस अधीक्षक श्री मेहता ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सतत पेट्रोलिंग की जाएगी।
जिला चिकित्सालय में त्वरित राहत एवं आपातकालीन उपचार की व्यवस्था बनाए रखने तथा अतिरिक्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने अपने उद्बोधन में सभी नागरिकों से अपील की कि सभी त्यौहार आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं खुशियों के साथ मनाएं। उन्होंने पर्वों के व्यवस्थित आयोजन, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।
उन्होंने विशेष रूप से होलिका दहन में गो-काष्ठ के उपयोग को बढ़ावा देने, हरित वृक्षों की कटाई से बचने, जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीमित जल उपयोग करने तथा धुरेड़ी पर ऑर्गेनिक गुलाल के उपयोग की अपील की।
बैठक में गुड़ी पड़वा की रैलियों को निर्धारित रूट से निकालने, ईद-उल-फितर के अवसर पर ईदगाहों में साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने, रामनवमी पर ज्वारे विसर्जन हेतु घाटों की साफ-सफाई एवं जुलूस व्यवस्था, महावीर जयंती, हनुमान जयंती सहित अन्य त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर भी चर्चा की गई।
बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न धर्मावलंबी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सोनखार और मोहबर्रा में बने दो-दो स्पीड ब्रेकर, जनपद सदस्य की मांग हुई पूरी



**तेज रफ्तार पर अंकुश लगेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी**

**दीपक मेश्राम। पांडिया छपारा/उगली हरिभूमि।** जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनखार और मोहबर्रा में सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों ओर दो-दो स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनाए गए हैं। लंबे समय से स्थानीय जनपद सदस्य साकेत राज टेम्भ्रे द्वारा इस संबंध में मांग की जा रही थी, जिसे अब प्रशासन ने पूरा कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, इन मार्गों पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों के लिए सडक़ पार करना जोखिम भरा हो गया था। कई बार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी सामने आई थीं, जिसके बाद जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने मिलकर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग उठाई थी। जनपद सदस्य साकेत राज टेम्भ्रे ने बताया कि उन्होंने इस विषय को कई बैठकों में प्रमुखता से उठाया और संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि है। छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े हादसों को रोक सकते हैं।
लोगों का मानना है कि इससे तेज रफ्तार पर अंकुश लगेगा और सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधि का आभार व्यक्त करते हुए अन्य आवश्यक स्थानों पर भी इसी प्रकार के सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है।

**छपारा थाना पर हुई शांति समिति की बैठक**

# आगामी त्यौहार होली ईद एवं नवरात्र व्यवस्थाओं को लेकर किया गया विचार विमर्श



**छपारा** – नगर के पुलिस थाना परिसर पर 27 फरवरी को दोपहर 3 बजे से आगामी त्यौहार होली ईद एवं नवरात्र को लेकर नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों में शांतिपूर्वक कार्यक्रमों को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित हुई उक्त बैठक में छपारा थाना प्रभारी खेंमेंद्र कुमार जैतवार,नायब तहसीलदार रामसेवक कौल, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही जहां त्यौहारों की दिनांक एवं उनके आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नगर पर पर्याप्त रूप से साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव एवं यातायात त्यौहारों के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था रखे जाने को लेकर उपस्थित जनों ने प्रशासनिक से मांग की गई ।

# कलेक्टर के आदेश से तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के प्रभार में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जिले में पदस्?थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के प्रभार में आंशिक परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार शनिपाल शाह परतेती को तहसीलदार नजूल सिवनी के साथ प्रभारी तहसीलदार कुरई (न्यायिक) का प्रभार दिया गया है, जबकि नायब तहसीलदार श्री हिमांशु कौशल को नायब तहसीलदार कुरई (न्यायिक एवं गैर-न्यायिक) का दायित्व सौंपा गया है। सतीश चौधरी को नायब तहसीलदार सिवनी (वृत्त बंडोल - न्यायिक) एवं नायब तहसीलदार सिवनी गैर-न्यायिक कार्यों का प्रभार दिया गया है तथा सुश्री राधिका पाठक को नायब तहसीलदार सिवनी भाग-1 (न्यायिक) का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार धर्मराज तुरकर को नायब तहसीलदार बरघाट (गैर न्यायिक) एवं नायब तहसीलदार वृत्त गंगेरुआ न्यायिक का दायित्व एवं कुंवरलाल राउत को नायब तहसीलदार केवलारी (गैर न्यायिक) एवं वृत्त पलारी न्यायिक का तथा धीरूलाल परते को नायब तहसीलदार घंसौर (गैर न्यायिक) एवं वृत्त कहानी का न्यायिक प्रभार दिया गया है। इसके अलावा अखिलेश कुशराम को नायब तहसीलदार लखनादौन (गैर न्यायिक) एवं वृत्त धूमा का न्यायिक प्रभार तथा रामसेवक कोल को नायब तहसीलदार छपारा (गैर न्यायिक) एवं वृत्त चमारीखुर्द न्यायिक का दायित्व सौंपा गया है। आदेश में उल्लेखित है कि सभी अधिकारी अपने मूल दायित्वों के साथ न्यायालयीन एवं गैर-न्यायालयीन कार्यों का संपादन सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### शासकीय अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला पंजीयक सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार माह मार्च में शासन के राजस्व एवं जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन में अधिक सुविधा देने के लिए माह मार्च में होली का अवकाश छोडक़र शेष समस्त शासकीय अवकाश के दिनों प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सहित समस्त उपपंजीयक कार्यालय एवं जिला कार्यालय पंजीयन कार्य के लिए खुले रखने के आदेश आदेश जारी किये गए हैं।

# डंफर और फॉच्र्यूनर की टक्कर में 1 की मौत, 6 घायल

**जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में नागपुर मार्ग पर लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में आने वाले सिमरिया मरझोर ब्रिज के पास ईट से भरे डंफर ने ओवरटेक करते समय फॉर्चयूनर कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई तो वहीं 6 लोग घायल हो गये है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मिली जानकारी के अनुसार गोपालगंज से सिवनी की ओर जा रहे ईंट से भरे डंफर क्रमांक एमपी 22 जी 3164 ने ओवरटेक के दौरान फॉच्र्यूनर कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 0222 को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फॉच्र्यूनर कार ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। वहीं ओवरलोड डंफर भी अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा।
हादसे में डंफर में सवार मजदूरों के साथ ही कार में सवार महिला एवं चालक को घायल हो गये है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया तो वहीं अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।
सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सी. के. सिरामे तत्काल घटनास्थल पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन 1033 पर भी सूचना दी गई, लेकिन एंबुलेंस लगभग 30 मिनट बाद पहुंची। पुलिस ने हाईवे पर यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान संदीप पिता जसपाल मर्सकोले 20 वर्ष निवासी ताखला बरघाट के रूप में हुई है तो वहीं घायलों में नरेन्द्र पिता खुदेश मर्सकोले 25 वर्ष, प्रिंस पिता धरम सिंह 18 वर्ष, राजा पिता खुमान उईके 22 वर्ष, करन पिता सुरेश मर्सकोले 23 वर्ष, विशाल पिता सुरेश मर्सकोले 18 वर्ष सभी निवासी ग्राम ताखला थाना बरघाट के नाम शामिल है।

# प्राथमिक शाला तिघरा में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत प्राथमिक शाला तिघरा के उन्नयन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा स्मार्ट क्लास का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शाला के उन्नयन में सहयोग देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देते हैं तथा विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से जोड़ते हैं।
शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्कूली बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा। इस दौरान किसी ने कलेक्टर बनने, किसी ने डॉक्टर तो किसी ने सेना में जाकर देश सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढऩे का संदेश दिया।
इस अवसर पर बच्चों द्वारा कविता पाठ एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की।
कार्यक्रम में एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी, डीपीसी श्री महेश बघेल, लीड बैंक प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनसहयोग से शिक्षा को संबल: गिफ्ट ए डेस्क नवाचार में सहयोगी बनकर एसबीआई ने उपलब्ध कराई 42 डेस्क

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के नवाचार गिफ्ट ए डेस्क मिशन के अंतर्गत जनसहयोग से शासकीय विद्यालयों में डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की पहल को निरंतर समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक, सिवनी द्वारा 42 डेस्क प्रदान कर महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा डेस्क से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर संबंधित विद्यालयों के लिए रवाना किया गया। उपलब्ध कराई गई 42 डेस्क में से 15 कुरई विकासखण्ड के प्राथमिक शाला नयेगांव, 12 प्राथमिक शाला मोहगांव, 07 एकीकृत माध्यमिक शाला जीरेवाड़ा तथा 04 प्राथमिक शाला कोदाझिर में वितरित की गई हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि यह जिले का अभिनव प्रयास है, जिसके माध्यम से जनभागीदारी से शासकीय विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने इस पहल में सहयोग प्रदान करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बैंक के मुख्य प्रबंधक शशिकांत कलसुले, आशीष मित्तल, लीड बैंक अधिकारी प्रवीण कुमार दिसोरिया सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेंदूपत्ता सीजन के पूर्व फड़ मुंशियों की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित हुई

**लखनादौन।** वन परिक्षेत्र लखनादौन में तेंदूपत्ता सीजन के पूर्व फड़ मुंशियों की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा द्वारा किया गया, जिसमें फड़ मुंशियों को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।
श्री मिश्रा ने बताया कि तेंदूपत्ता के शाख कर्तन, रख-रखाव, संकलन की सही गिनती तथा वितरित सामग्रियों को हितग्राहियों तक समय पर पहुँचाना फड़ मुंशियों की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में वन रक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त वन मंडल



अधिकारी गोपाल सिंह ने भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने तेंदूपत्ता संकलन से पूर्व जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जंगल केवल सरकार का नहीं, बल्कि आम जनता का है। आग लगने से वन्य जीव-जंतु, पर्यावरण तथा मवेशियों के लिए आवश्यक घास एवं प्राकृतिक संसाधनों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने सभी से वन संरक्षण में सक्रिय सहयोग की अपील की।
कार्यशाला में सेवा निवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री सुभाष तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग के कर्मचारियों एवं फड़ मुंशियों की सक्रिय सहभागिता रही।
यह कार्यशाला तेंदूपत्ता संकलन कार्य को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने तथा वन संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# डोरलीछतपुर में जन अभियान परिषद की संगोष्ठी एंव आजीविका दीदीयों व ग्रामीणों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सामाजिक न्याय विभाग के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड सिवनी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डोरलीछतपुर एवं आजीविका मिशन की दीदी के संयुक्त प्रयास से आओ बनाए अपना स्वर्णिम मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
संगोष्ठी में जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला व विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया की उपस्थिति में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिकता की भावना आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं संवर्धन, जैविक खेती, स्वच्छता अभियान तथा नशा मुक्ति को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। नशा मुक्ति के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना आवश्यक है। नशे के कारण परिवारों में विवाद, स्वास्थ्य हानि और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि आज नशा केवल शराब तक सीमित नहीं है, बल्कि गांजा, बीड़ी, अफीम, चरस, तंबाकू एवं विभिन्न प्रकार के निकोटिन उत्पादों का उपयोग बढ़ रहा है, जो विशेषकर युवाओं के लिए अत्यंत हानिकारक है।चौपाल चर्चा के बाद उपस्थित सभी ग्रामीणों को मोनिका चौरसिया द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में आजीविका मिशन से भरत सिंह ठाकुर,समूह की दीदीयों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं, परामर्शदाता ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कुरई में सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत कम्युनिटी यूथ लीडर्स का सम्मान

**सिवनी।** डिप्टी कलेक्टर ( अनु विभागीय अधिकारी) कुरई प्रशांत उइके के द्वारा सक्षम कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कम्युनिटी यूथ लीडर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सक्षम कार्यक्रम से ब्लॉक नोडल अधिकारी श्याम सिंह इनवाती एवं सक्षम ब्लॉक प्रबंधक नेत्रपाल कटरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कुल 15 कम्युनिटी यूथ लीडर्स को सम्मानित किया गया, जो विभिन्न ग्राम पंचायतों में सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# घंसौर का सपूत प्रदेश की सियासत में दस्तक शक्ति सिंह सिसोदिया बने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष

**घंसौर** /घंसौर नगर के लिए यह क्षण गर्व और उत्साह से भरा है। नगर की सुप्रसिद्ध भावा अकादमी के संचालक शक्ति सिंह सिसोदिया को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के साथ ही न केवल घंसौर बल्कि पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल बन गया है। यह नियुक्ति संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक समरसता और जमीनी राजनीति को नई धार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी सूची में जैसे ही शक्ति सिंह सिसोदिया के नाम पर मुहर लगी, वैसे ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों से शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संगठन निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय रहे सिसोदिया को प्रदेश स्तर पर यह जिम्मेदारी मिलना, उनके निरंतर प्रयासों और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, संगठन को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता थी जो विचार, व्यवहार और कर्म तीनों स्तरों पर जनता से जुड़ा हो। भावा अकादमी के माध्यम से शक्ति सिंह सिसोदिया ने घंसौर और आसपास के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का जो वातावरण तैयार किया, उसने सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा दी है। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक सरोकारों जैसे बालिका शिक्षा, युवाओं का मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण, खेलकूद और स्थानीय मुद्दों पर जनजागरूकता में भी सक्रिय भूमिका निभाई। यही कारण है कि उनकी पहचान केवल एक शिक्षाविद् तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे एक संवेदनशील सामाजिक नेतृत्व के रूप में उभरे हैं।

# कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों का एंव निर्माणाधीन एसडीएम कार्यालय भवन किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार 27 फरवरी को कुरई पहुँचकर राजस्व न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय एवं नायब तहसीलदार न्यायालय कुरई का क्रमवार अवलोकन किया।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने राजस्व न्यायालयों में दर्ज लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने न्यायालयीन अभिलेखों के संधारण, प्रकरणों की प्रविष्टि, आदेश पुस्तिका के संधारण एवं आरसीएमएस पोर्टल पर अद्यतन प्रविष्टि की स्थिति का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही कर पारदर्शिता बनाए रखें तथा पक्षकारों को समय पर सूचना उपलब्ध कराई जाए।
निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, अभिलेख कक्ष एवं आमजन की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रशांत उइके, तहसीलदार सतीश चौधरी सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।
वही कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार 27 फरवरी को कुरई भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन एसडीएम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि नवीन भवन का उपयोग शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुरई, तहसीलदार कुरई तथा पीआईयू के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री के खासम-खास राईस मिलर्स समीर सचदेवा और अन्य के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज

# EOW की बड़ी कार्यवाही: शासकीय धान हेरा-फेरी मामले में अधिकारी, राईस मिल संचालकों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






बालाघाट में आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शासकीय धान की हेराफेरी मामले में कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू ने जिला विपणन विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम के छह अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ पूर्व मंत्री रामकिशोर कांवरे के करीबी दो राइस मिलर्स के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। यह मामला शासन को 2.73 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने से जुड़ा है।

इनको बनाया आरोपी- मार्कफेड के तत्कालीन उप प्रबंधक (वित्त) अभिषेक निषाद, तत्कालीन विपणन अधिकारी हिरेन्दसिंह रघुवंशी, वर्तमान जिला विपणन अधिकारी विवेक तिवारी,तत्कालीन जिला विपणन उप प्रबंधक (वित्त) और वर्तमान नॉन जिला प्रबंधक हरीश कोरी, MP स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के तत्कालीन जिला प्रबंधक पीयूष माली, लेखापाल (वित्त) दुर्गेश बैस, सचदेव राइस मिल, कोसमी के प्रोपराइटर प्रकाश सचदेव, राइस मिल संचालक समीर सचदेव।

जांच में यह भी सामने आया कि विपणन और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने राइस मिलर्स के उस बयान को स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया था कि एक चालक नींद में ट्रक को 25 किलोमीटर तक चला ले गया था।

यह घटना तब उजागर हुई जब मिल के लिए आ रही धान को 25 किलोमीटर दूर रजेगांव में पकड़ा गया। इस घटना ने अधिकारियों की कथित मिलीभगत पर सवाल खड़े किए हैं।

ईओडब्ल्यू की शिकायत जांच में पाया गया कि वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग के दौरान शासकीय धान की हेराफेरी, अवैध परिवहन और दस्तावेजों को छिपाने में अनियमितताएं की गईं। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बालाघाट (मार्कफेड) और मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के अधिकारियों पर राइस मिलर्स के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप है। जांच के अनुसार, मार्कफेड विभाग ने कस्टम मिलिंग के नियमों का पालन किए बिना राइस मिलर्स को 2.73 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया। यह भुगतान तब किया गया जब धान की हेराफेरी और अवैध परिवहन के स्पष्ट संकेत मौजूद थे, जिससे शासन को भारी आर्थिक क्षति हुई।

अधिकारियों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने राइस मिलर्स पिता-पुत्र को उनकी गलतियों पर संरक्षण प्रदान किया। इतना ही नहीं, मिलिंग के लिए दिए गए धान को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ भेजे जाने की जानकारी के बावजूद, मिलिंग की राशि का भुगतान राइस मिलर्स को किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विभागों के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से राइस मिलर्स को संरक्षण दे रहे थे।

इसमें कोई जांच नहीं की गई और ना ही मिलिंग के नियमों का पालन किया गया। फिलहाल इस मामले में वर्तमान में नॉन जिला प्रबंधक हरीश कोरी और राईस मिलर्स समीर सचदेव से चर्चा कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

खास बात यह है कि करोड़ो की शासकीय धान के कस्टम मिलिंग में हेराफेरी में शामिल हरीश कोरी, जो विपणन विभाग में लेखापाल थे, उन्हें मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लायर कार्पोरेशन का जिला प्रबंधक बना दिया जाना भी अब सवालों के घेरे में आ गया है। ईओडब्ल्यू ने कस्टम मिलिंग के नाम पर करोड़ों रुपए की शासकीय धान की हेराफेरी में जिस राईस मिलर्स समीर सचदेव के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज किया है। वह पूर्व मंत्री और वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के करीबी और उनके खास समर्थकों में एक है।

### अवैध कॉलोनियों, प्लॉटों की रजिस्ट्री पर लगाई रोक

# भू-माफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों पर नकेल कसने के लिए कलेक्टर सख्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले में भू-माफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों पर नकेल कसने के लिए कलेक्टर मृणाल मीणा ने सख्त रुख अख्तियार किया है। एक ही प्लॉट की दो बार रजिस्ट्री होने की गंभीर शिकायतों के बाद, कलेक्टर ने ऐसी संपत्तियों की जांच के आदेश दिए हैं और अवैध कॉलोनियों में भूखंडों की रजिस्ट्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।**

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में आ रही धोखाधड़ी की शिकायतों पर चिंता जताई। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों से जवाब मांगा है कि पिछले कुछ वर्षों में एक ही प्लॉट की दोबारा रजिस्ट्री कैसे संभव हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रजिस्ट्री के बाद नामांतरण होने पर नक्शा तुरंत अपडेट किया जाए, ताकि भविष्य में विसंगतियां न हों। कलेक्टर ने लांजी, किरनापुर, बिरसा और बालाघाट तहसील में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि फार्मर रजिस्ट्री न होने पर किसानों को उर्वरक (खाद) प्राप्त करने में समस्या होगी। तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस लक्ष्य को युद्ध स्तर पर पूरा करें ताकि किसानों को खाद मिलने में बाधा न आए। राजस्व वसूली (RRC) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि वसूली का लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए और जरूरत पड़ने पर बकायेदारों की संपत्ति की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि पटवारी अपने निर्धारित मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। इसके अलावा, साइबर तहसील के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने और राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों को शून्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बसपा ने कलेक्टर व सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन, प्रेसवार्ता लेकर जताई नाराजगी

# कोमा में गये युवक के समर्थन में सड़क पर उतरी बसपा

**सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के डॉक्टर पर कार्यवाही की मांग**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर के निजी चिकित्सालय में भर्ती किये जाने के बाद युवक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है, गलत इंजेक्शन लगाने की वजह से वह कोमा में चला गया है जिसकी हालत में सुधार नहीं आ रहा है इधर परिवार भी पीड़ा में है जबकि पुलिस में शिकायत किये जाने के बाद इस मामले में कार्यवाही तक नहीं की जा रही है। पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि तथा डॉक्टर पर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर बसपा ने सड़क पर उतरकर रैली निकाली तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है, साथ ही प्रेसवार्ता लेकर मांग रखते हुए पीड़ित परिवार के हित में समर्थन जताया है।

#### पीड़ित परिवार को दी जाये क्षतिपूर्ति

इस संबंध में बसपा पदाधिकारियों ने सर्किट हाऊस में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि 11 फरवरी की रात विवेक तिरपुड़े का स्वास्थ्य बिगडऩे पर गायखुरी वार्ड नं.33 स्थित सरदार पटेल अस्पताल में भर्ती किया गया था। ईलाज दौरान बेहोशी का डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से युवक कोमा में चला गया है। जिस पर युवक के परिजन ने इसकी शिकायत पुलिस थाना में दी गई थी लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बसपा पदाधिकारियों ने मांग की है कि पीड़ित परिवार को करीब एक करोड़ रूपए क्षतिपूर्ति हेतु अस्पताल प्रबंधन द्वारा दिया जाए व संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जाए।

#### दोषी डॉक्टर पर कड़ी कार्यवाही की मांग

बसपा पदाधिकारियों के द्वारा रैली निकाली गई और कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया साथ ही सीएचएमओ को भी कार्यवाही किये जाने के लिये पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें दोषी डॉक्टर व अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्यवाही किये जाने की मांग रखी गई है। कहा है कि मांगों पर शीघ्र अमल नहीं किया गया तो आगामी दिनों में प्रदेश स्तर पर बसपा द्वारा आंदोलन किया जायेगा। प्रेसवार्ता और रैली में प्रमुख रूप से बसपा प्रदेश जोन प्रभारी एड. सचीन फूलचंद, बसपा जिलाध्यक्ष इंजी. महेन्द्र,जोन प्रभारी बालाघाट अजाब शास्त्री, जिला प्रभारी दीपक मेश्राम, जिला महासचिव राज्यपाल उके, डॉ. धमेन्द्र रामटेके, रंजीत, देवाजी रामटेके सहित अन्य मौजूद रहे।

# तय से अधिक किराया वसूलने पर तीन बसों पर कार्यवाही

**बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश के बाद भी बेखौफ बस संचालक, आवश्यकता से अधिक वसूल रहे थे किराया**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में होली से पहले यात्रियों से तय किराए से ज्यादा वसूली करने पर शनिवार को तीन बसों को जब्त किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने टीम के साथ छापामार कार्रवाई की।

कलेक्टर मृणाल मीणा ने पहले ही त्योहार के दौरान किराया बढ़ाने की शिकायतों पर जांच के निर्देश दिए थे। इसी के तहत भोपाल और इंदौर से बालाघाट आने वाली बसों की जांच की गई।

जांच के दौरान यात्रियों के ऑनलाइन टिकट चेक किए गए। इनमें तय दर से ज्यादा किराया वसूला जाना पाया गया। इसके बाद पवन ट्रेवल्स (एमपी-50-पी-1297), नंदन ट्रेवल्स (एमपी-22-पी-2201) और अरिहंत ट्रेवल्स (एमपी-20-जेएक्स-8115) की बसों को जब्त कर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया।

जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों से लिया गया अतिरिक्त किराया वापस दिलाया जाएगा।

गढ़पाल ने कहा कि संबंधित बसों के परमिट निरस्त करने का प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से कमिश्नर को भेजा जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि तय किराए से अधिक वसूली करने पर वाहन का परमिट रद्द किया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि अधिक किराया वसूले जाने पर प्रमाण सहित परिवहन विभाग में शिकायत करें, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

### 15 मार्च को मनाया जाएगा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

**बालाघाट।** आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार 15 मार्च 2026 को जिले में 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019, ई-दाखिल पोर्टल एवं उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.के. ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# अवैध रेत निकासी पर पुलिस हुई सख्त , एक गिरफ्तार, दूसरा फरार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। शनिवार को नवेगांव और वारासिवनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के मगरदर्रा रेतघाट से अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक डंपर पकड़ा। डंपर चालक दिमाकचंद गौतम (40) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बीएनएस और खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

इसी तरह वारासिवनी पुलिस को सिर्रा नदी रेतघाट से अवैध उत्खनन कर रेत ले जाने की सूचना मिली। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा किया। खुद को घिरता देख चालक रमरमा चौक पर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध रेत कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शराब घोटाला केस में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया बरी

**आप नेता मनोज पमनानी ने बताया न्याय की ऐतिहासिक जीत**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






शराब घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के केस में दोनों नेताओं को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और आरोप साबित नहीं होते। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए कुल 23 लोगों को बरी कर दिया।कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि सीबीआई का पूरा मामला अनुमान और कयासों पर आधारित था। जांच एजेंसी साजिश का सिद्धांत गढऩे में विफल रही और उसे समर्थन देने वाला कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं कर सकी। फैसला आने के करीब छह घंटे बाद सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया और आदेश को रद्द करने की मांग की है। बरी होने के बाद कोर्ट परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज यह साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। उनके इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।इस फैसले को लेकर मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में भी आम आदमी पार्टी के नेताओं ने खुशी जाहिर की। पार्टी के जिला पदाधिकारी मनोज पमनानी ने इसे न्याय और सच्चाई की ऐतिहासिक जीत बताया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल शुरू से ही ईमानदार राजनीति और पारदर्शी प्रशासन के प्रतीक रहे हैं। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित थे, जिन्हें अदालत ने सिरे से खारिज कर दिया। मनोज पमनानी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा आम जनता के हितों की राजनीति की है और इसी कारण पार्टी व उसके नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया, लेकिन अदालत के फैसले ने सच्चाई को सामने ला दिया है। अंत में उन्होंने कहा कि बालाघाट सहित पूरे मध्यप्रदेश में पार्टी कार्यकर्ता इस फैसले से उत्साहित हैं। आम आदमी पार्टी आने वाले समय में और मजबूती के साथ जनहित, भ्रष्टाचार विरोध और जवाबदेह शासन के मुद्दों को उठाती रहेगी। यह फैसला न केवल पार्टी नेताओं के लिए, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्यायपालिका में भरोसा रखने वाले हर नागरिक के लिए एक मजबूत संदेश हैं।

# सोनगुड्डा में पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया संबोधित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बैहर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोनगुड्डा में आज राजनीतिक सरगर्मियां उस समय तेज हो गईं,जब मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन एवं "मनरेगा बचाओ अभियान" के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके आगमन पर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं विधायक विधान सभा बैहर संजय उइके के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पारंपरिक स्वागत करते हुए जोरदार नारेबाजी की।पूरा क्षेत्र कांग्रेसमय नजर आया। बैगा नृत्य के माध्यम से उनका स्वागत किया गया। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत गांव, किसान,मजदूर, मातृशक्ति और युवा हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक आमजन की आवाज प्रभावी रूप से नहीं उठाई जा सकती। इसी उद्देश्य से पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन किया जा रहा है,ताकि हर गांव में कांग्रेस की सक्रिय इकाई काम करे और जनसमस्याओं को सीधे मंच तक पहुंचाए।उन्होंने ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठित नवीन पदाधिकारियों से रूबरू होकर आज से ही कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और सक्रिय होकर काम करने का आह्वाहन किया।

उन्होंने "मनरेगा बचाओ अभियान" को गरीबों और मजदूरों की लड़ाई बताते हुए कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं,बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण मजदूरों को समय पर काम नहीं मिल रहा है।मनरेगा के जगह पर लाए गए नए बिल मजदूरों के हित में नहीं है।मंच पर एक जॉब कार्डधारी श्री सैयाम को पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह को अपना जॉब कॉर्ड दिखाते हुए कहा कि उन्हें ढाई सालों में एक भी दिन काम नहीं मिला।श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार की मजदूरों के हितों के विपरीत किए जा रहे कार्यों को बारी बारी से बताया गया।श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं लगातार तीन बार के क्षेत्रीय विधायक श्री संजय उइके ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जन-जंगल और जमीन के खिलाफ काम कर रही है।ग्राम सभा को कमजोर करने का काम कर रही है।ग्राम सभा के अनुमति के बिना माइनिंग काम कराने को उतारू है।मनरेगा के मूलस्वरूप को समाप्त करके महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपने को खत्म करना चाह रही है।आज के कार्यक्रम के दौरान पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की विधिवत घोषणा की गई।नवगठित कमेटी को संगठन विस्तार,सदस्यता अभियान,बूथ स्तर तक सक्रियता और जनहित मुद्दों पर आंदोलन की जिम्मेदारी सौंपी गई।आज के इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी के साथ जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं क्षेत्रीय विधायक श्री संजय उइके,जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार,पूर्व विधायक डॉ.अशोक मर्सकोले मंडला,अध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा सविता धुर्वे,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू,जनपद सदस्य धरमसिंह मरकाम,प्रमिला अनिल वल्के,मनोता उईके,सरपंच अडोरी परसराम धुर्वे,सरपंच धुनधुनवार्धा बसंती पुशाम,सरपंच सोनगुड्डा कमल सिंह धुर्वे,द्रोपकिशोर मेरावी,तातु सेठ,हिरासन उईके,कुंती धुर्वे,अनूपसिंह बैस,ब्लॉक अध्यक्ष बिरसा नीलकंठ राहंगडाले,सुरेश पांजरे,शिव ग्वाल,मंडलम अध्यक्ष डाबरी चैनसिंह पुशाम,सुशीला,माखनलाल पंवार,दिनेश धुर्वे,उदल मरकाम, तरुण,उदल पांजरे,ईश्वर,हलधर मरकाम सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी,युवा कार्यकर्ता,महिला कांग्रेस प्रतिनिधि,पंचायत जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

